महिमा श्याम धणी की | By Naveen Verma

मेरे श्याम तेरी महिमा जो गायेगा
वो भक्त ज़माने में सारे सुख पायेगा
मेरे श्याम तेरी महिमा.............

मतलब की दुनिया में कोई न तुम्हारा है
मेरा खाटू वाला ही हारे का सहारा है
जोहार गया जग से उसे श्यामजितायेगा
मेरे श्याम तेरी महिमा.............

भक्तों की नैया को बाबा पार लगाता है
जब कोई नहीं आता मेरा बाबा आता है
यहाँ कोई नहीं अपना जो मन समझायेगा
मेरे श्याम तेरी महिमा.............

भूले से कभी प्यारे अहंकार ना कर लेना
कभी दौलत शोहरत से नवीन प्यार ना कर लेना
तू कर्म करे जैसा वैसा फल पायेगा
मेरे श्याम तेरी महिमा.............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%ae%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%80-by-naveen-verma/